



बहुत समय पहले की बात है । एक घने जंगल में एक शेर रहता था। शेर बहुत बूढ़ा और कमज़ोर हो गया था। अत: स्फूर्ति से शिकार नहीं कर पाता था । कई बार उसे भूखे पेट सोना पड़ता था ।

एक दिन वह शिकार की तलाश में इधर-उधर घूम रहा था कि उसे एक गुफा दिखाई दी। शेर ने सोचा - ''इसमें अवश्य ही कोई जानवर रहता होगा। क्यों न इस गुफा में बैठकर उसकी प्रतीक्षा करूँ ?'' शेर गुफा के अंदर बैठकर प्रतीक्षा करने लगा।

वास्तव में उस गुफा में एक चतुर लोमड़ी रहती थी । वह दिन भर जंगल में घूमकर अपना भोजन ढूँढती और सूरज ढलने से पहले गुफा में लौट आती थी। वह उस गुफा में सुख व आराम से रहती थी । उस दिन जब लोमड़ी गुफा के पास आई तो वह चकित रह गई । उसे गुफा के अंदर किसी के पैरों के निशान जाते हुए दिखाई दिए; परंतु बाहर लौट आने के निशान नहीं थे ।





लोमड़ी का माथा ठनका। उसे एक उपाय सूझा। उसने ज़ोर से पुकारा - 'गुफा, गुफा ! क्या मैं अंदर आऊँ ?'

लोमड़ी की पुकार सुनकर शेर ने सोचा - ''शायद लोमड़ी प्रतिदिन गुफा में अंदर आने से पहले यही बोलती है। गुफा इसके प्रश्न का उत्तर देती होगी। आज मेरे डर से यह चुप है।'' शेर यह सोच ही रहा था कि लोमड़ी ने फिर पुकारा - ''गुफा, गुफा ! क्या मैं अंदर आऊँ ?'' शेर गुफा के अंदर से बोल उठा - ''लोमड़ी, लोमड़ी ! तुम अंदर आ जाओ ।''

लोमड़ी तुरंत ही शेर की आवाज़ पहचान गई । उसने कहा - ''शेर भाई ! क्या गुफा भी कभी बोलती है ? परंतु बोलकर तुमने मुझे सब कुछ बता दिया। अब तुम यहीं बैठो, मैं कहीं और विश्राम कर लूँगी।''

लोमड़ी वहाँ से भाग गई । शेर भूखा रह गया। उसने बोलकर सारा खेल बिगाड़ दिया । बेचारा अपना-सा मुँह लेकर बैठ गया ।

## शब्दार्थ :

कमजोर - दुर्बल, कम ताकतवाला
चकित - हैरान

स्फूर्ति - चुस्ती
माथा ठनका - शंका हुई

अवश्य - निश्चय
विश्राम - आराम

प्रतीक्षा - इंतजार
खेल बिगाड़ दिया - काम बिगाड़ दिया

चतुर - होशियार
अपना-सा मुँह लेकर - निराश होकर

सूरज ढलना - शाम होना

## अभ्यास

### सोचो और बताओ :

१. शेर स्फूर्ति से क्यों शिकार नहीं कर पाता था ?

२. शेर ने गुफा देखकर क्या सोचा ?

३. गुफा में कौन रहता था ?

४. लोमड़ी कैसी थी ?

५. लोमड़ी दिनभर क्या करती थी ?

६. लोमड़ी गुफा के पास आकर क्यों चकित रह गई ?

७. लोमड़ी ने क्या कहकर पुकारा ?

८. शेर ने लोमड़ी की पुकार सुनकर क्या सोचा ?

९. शेर का उत्तर सुनकर लोमड़ी ने क्या कहा ?



## सही-गलत :

१. नीचे लिखे कथनों में जो सही हैं उनके सामने (✓) चिह्न और जो गलत हैं उनके सामने (✗) चिह्न लगाओ :

क) शेर बहुत बूढ़ा और कमजोर हो गया था।

ख) गुफा में एक भोली लोभड़ी रहती थी ।

ग) लोमड़ी गुफा में सुख व आराम से रहती थी ।

घ) लोमड़ी गुफा के सामने से भाग गई ।

ङ) शेर ने लोमड़ी को खा लिया ।

## खाली जगह भरना :

लोमड़ी ________ पुकार सुनकर शेर ________ सोचा - ''शायद लोमड़ी प्रतिदिन गुफा ________ अंदर आने ________ पहले यही बोलती है। गुफा इस —— प्रश्न ________ उत्तर देती होगी। आज मेरे डर यह चुप है।''

## किसने किससे कहा :

१. गुफा, गुफा ! क्या मैं अंदर आऊँ ।

२. तुम अंदर आ जाओ ।

३. क्या गुफा भी कभी बोलती है ?

## कैसे संयुक्त करें :

स् - स ____ फू ____ स्फू ____ स्फूर्ति

त् - त ____ य ____ त्य ____ सत्य

श् - श ____ व ____ श्व ____ अश्व

च् - ͨ ____ छ ____ च्छ ____ अच्छा

प् - ͭ ____ त ____ प्त ____ सुप्त

स् - ͬ ____ व ____ स्व ____ स्वच्छ

ष् - ͦ ____ य ____ ष्य ____ मनुष्य

न् - ͨ ____ द ____ न्द ____ सुन्दर

## तुम्हारी समझ में :

१. क्या होता, यदि लोमड़ी जान नहीं पाती कि गुफा के अंदर कोई है।

२. क्या होता, यदि शेर लोमड़ी की पुकार का उत्तर न देता ।

## शब्दज्ञान :

१. निम्नलिखित अक्षरों को सजाकर शब्द बनाओ :

नपहचा, रकजोम, वनजार, क्षाप्रती, ननिशा

२. कोष्ठक में से अक्षर लेकर खाली स्थान भरो :

(स्त, श्य, श्न, ष्प, श्रा, स्फू, द्भ, ष्क, स्क, श्च)

पु ________ वा ________ व ________ र्ति

प्र ________ अव ________ वि ________ म

उ ________ व नि ________ ल भा ________ र

पु ________ र

३. सारणी से अक्षर लेकर शब्द बनाओ :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शि | क | म | जो | र |
| का | बू | प्र | ती | क्षा |
| र | ढ़ा | लो | च | शा |
| दि | शे | म | कि | य |
| न | र | ड़ी | त | द |

## भाषा-ज्ञान :

१. दिए गए शब्दों के सही रूप लिखकर वाक्यों को पूरा करो :

क) कई बार उसे भूखे पेट _____ _____ था (सोना पड़ना)

ख) वह इधर-उधर घूम रहा था कि उसे एक गुफा _____ दी । (देखना)

ग) शेर ने _____ । (सोचना)

घ) उस दिन लोमड़ी उस गुफा के पास _____ । (आना)

ङ) गुफा, गुफा ! क्या मैं अंदर _____ ? (आना)

च) मैं कहीं और विश्राम _____ । (कर लेना)

२. कोष्ठक में से शब्द चुनकर खाली स्थान भरो :

(ने, से, की, का, में)

क) शेर स्फूर्ति _____ शिकार नहीं कर पाता था ।

ख) इस _____ अवश्य ही कोई जानवर रहता होगा ।

ग) लोमड़ी _____ माथा ठनका ।

घ) लोमड़ी शेर _____ आवाज पहचान गई ।

ङ) शेर _____ सोचा ।

३. शब्दों को सजाकर सही वाक्य बनाओ :

क) ठनका का लोमड़ी माथा ।

ख) उठा गुफा के अंदर शेर से बोल ।

ग) है कभी गुफा क्या बोलती भी ?

घ) गया शेर रह भूखा ।

ङ) गुफा इसके होगी का देती प्रश्न उत्तर ।

४. उदाहरणों को देखकर वाक्यों के खाली स्थान भरो :

| | |
|---|---|
| इसमें कोई जानवर रहता होगा । | गुफा उत्तर देती होगी । |
| मोहन रोज पाठ पढ़ता ______ । | राधा रोज पाठ पढ़ती ______ । |
| गोपाल स्कूल ______ होगा । | रानी रोज पाठ पढ़ती ______ । |
| राकेश मैदान में क्रिकेट ____ ____ । | स्मिता बॉल ______ ______ । |
| राजेश चिट्ठी ______ ______ । | रजनी चिट्ठी ______ ______ । |
| बच्चा दूध ______ ______ । | बच्ची दूध ______ ______ । |

५. नीचे लिखे गए वाक्य को देखो :

लोमड़ी का माथा ठनका । उसे एक उपाय सूझा । उसने जोर से पुकारा- ''गुफा, गुफा ! क्या मैं अंदर आऊँ ?''

दूसरे वाक्य में 'उसे' और तीसरे वाक्य में 'उसने' लोमड़ी के लिए आए हैं। चौथे वाक्य में 'मैं' भी लोमड़ी के लिए आया है। 'लोमड़ी' नाम बार-बार कहने से अच्छा सुनाई नहीं पड़ेगा । इसलिए लोमड़ी के लिए दूसरे शब्द आए हैं। इनको सर्वनाम कहते हैं। मैं, हम, तू, तुम, आप, वह, वे, यह, ये, उसे, इसने, उसने, उन्होंने, इन्होंने, जिसने, कोई आदि सर्वनाम हैं ।

इस पाठ में आए सर्वनामों को छाँटकर एक सूची बनाओ ।